# BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY

## द्वादश सत्र

## 30 अगस्त 2024

----

**[जल संसाधन - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - श्रम संसाधन - पंचायती राज लघु जल संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 15**

----

### भवन सौंपना

*1 **श्री दिलीप राय (सुरसंड):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, भवण निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड के हरिहरपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो रहा था जो प्लींथ स्तर तक ही कराकर अधुरा छोड़ दिया गया है;
2. क्या यह बात सही है कि पंचायत सरकार भवन नहीं रहने से पंांचायत सरकार का कार्य बाधित हो रहा है;
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अधूरा पड़े पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य जनहित में शीघ्र पूर्ण कराकर पंचायत को पंचायत सरकार भवन सौंपने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

### कार्रवाई  करना

*2 **श्री समीर कुमार महासेठ (मधुबनी):**

**पंचायती राज** स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 16.05.2024 में प्रकाशित "पंचायतों में अब तक 20 फीसदी ही लगी सोलर लाइटें" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 519 प्रखंडों

की 7740 पंचायतों में 6.79 लाख सोलर लाइट लगाने के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक मात्र 1.34 लाख सोलर लाइट ही लगी है जिसके कारण रोशनी के लिये स्ट्रीट लाइटों की निर्भरता महंगी बिजली पर है, यदि हाँ तो क्या सरकार निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं करने के लिये दोषी व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों

----

## सड़क का निर्माण

*3 **श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (सिकंदरा):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत अलीगंज प्रखंड के पंचायत कैयार के ग्राम मुर्गियाचक में महादलित परिवार के लगभग 50-60 घर है, जिसकी आबादी 250 से अधिक है, टोला संपर्क पथ नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

*4 **श्री रणविजय साहू (मोरवा):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोरवा प्रखण्ड में मुसरीघरारी जन्दाहा पथ में खालिसपुर गांधों चैक के स्मीप से राम जानकी मेडिकल कॉलेज नरघोघी जाने वाली सड़क में सारंगपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड नं 02 में सुरेश राय के घर से वार्ड नं. 3 में शंकर सिंह के घर तक एवं सारंगपुर पश्चिमी पंचायत में विक्रमपुर चैक से सांरगपुर पूर्वी में शांति चौक तक सड़क जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त पथो का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

*5 **श्री छोटे लाल राय (परसा):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के प्रखंड सनहौला अंतर्गत ग्राम पंचायत तोलोन्छा के ग्राम तोर्लोन्छा में अभी तक पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु जमीन चिन्हित नहीं का गिया है यदि हो तो सरकार कबतक उक्त पंचायत के पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## सड़क के दोनों ओर पक्की नाली का निर्माण

***6 श्री गोपाल रविदास (फुलवारी ):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पुनपुन सुरक्षा बांध से धनकी महारानी मुशहरी भाया फतेहपुर (फुलवारी शरीफ) गाँव तक पक्की सड़क निर्माण मुख्य मंत्री सड़क योजना से 2023-24 में पूरी कि गयी है, यह सड़क निर्माण तो हो गया लेकिन गरीबों की बस्ती खासकर मुशहरी महादलित टोला होने से सड़क के दोनों तरफ पक्की नाली का निर्माण नहीं किये गये जिससे गंदे जल की निकासी स्वतः बंद है तथा रोग फैलाने की संभावना बनी हुई है, यदि हाँ तो उक्त सड़क के दोनों ओर पक्की नाली का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## भुगतान कराना

***7 श्री अवधेश सिंह (हाजीपुर ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज्य विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में सत्र 2016-2021 के लिए पंचायती राज के मुखिया, उपमुखिया, वार्ड मेंबर सहित अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को मानदेय अभी तक लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त लंबित मानदेय के भुगतान हेतु पंचायती राज कार्यालय को आवंटन उपलब्ध कराते हुए भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कार्यान्वयन कराना

***8 श्री रामबली सिंह यादव (घोसी ):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री,पंचायती राज विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत धोसी विधान सभा क्षेत्र के घोसी प्रखंड के 14 उबंर पंचायत लखीसराय गांव में 2200 फीट नाला निर्माण, काको प्रखंड के बारा पंचायत के छोटकी मुरारी महादलित टोला में नाला निर्माण एवं अति आवश्यक योजाओं के कार्यान्वयन हेतु स्थानीय विधायक द्वारा अनुशंसा किया गया था जिसे वर्ष 2023-24 में जीपीडीपी अथवा बीपीडीपी में सम्मलित नहीं किया गया था;
2.क्या यह बात सही है कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी जहानाबाद के द्वारा अति आवश्यक महसूस करते हुए उक्त 14 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने का आग्रह पंत्राक 2378 दिनाकंक 6.10.2023 द्वारा उपसचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार से किया गया था बावजूद कोई कार्रवाई नहीं लिया गया है;
3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त 14 योजनाओं को

प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन भत्ता का भुगतान

*9 **श्री अमरजीत कुशवाहा (जीरादेई):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिले के ग्राम पंचायतों के लिए निर्वाचित वार्ड सदस्यों का निर्धारित वेतन भत्ता 5 वर्षों से बकाया है वार्ड सदस्य आर्थिक स्थिति से जूझ रहे है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिले के सभी वार्ड सदस्यों की बकाया वेतन भत्ता का भुगतान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## मुआवजा का प्रावधान

*10 **श्री सत्यदेव राम (दरौली):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि पंच एवं सरपंच को त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों के दायित्वों में वृद्धि की गई है जबकि पंच-सरपंच को मृत्यु उपरांत कोई सम्मानजनक मुआवजा का प्रावधान नहीं है, यदि हाँ तो सरकार पंच एवं सरपंच को मुआवजा का प्रावधान कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अतिक्रमण मुक्त

*11 **श्री मुरारी मोहन झा (केवटी):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-
क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड के ननौरा एवं छतवन पंचायत में निर्माण होने वाले पंचायत सरकार भवन की भूमि का अतिक्रमण होने के कारण पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतो में भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

*12 **श्री प्रणव कुमार (मुंगेर ):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, बतलाने की कृपा करेंगे कि
1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड अंतर्गत बरियारपुर उत्तरी

पंचायत में पंचायत सरकार भवन नहीं है, जबकि वहां सरकारी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों नहीं?

----

## सड़क का निर्माण

*13 **श्री मिश्री लाल यादव (अलीनगर):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -
1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला केवटी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम समैला में रतन यादव ग्राम-समैला के चाय दूकान के नजदीक से दलित टोलो महेन्द्र राम ग्राम-समैला दिग्घी फिल्ड तक जर्जर सड़क होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है,
यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## रोड एवं नाला का निर्माण

*14 **श्री कुमार शैलेन्द्र (बिहपुर ):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री , ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखंड के खैरपुर पंचायत के वार्ड नं0 -1, ग्राम- नरकटिया में रोड एवं नाला नहीं रहने के कारण ग्राम वासियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त वार्ड में शंकर यादव के घर से काली मंदिर होते हुए राम सिंह के घर तक रोड एवं नाला निर्माण कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

*15 **श्री रणविजय साहू (मोरवा ):**

**पंचायती राज** क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1. क्या यह बात सही है कि टोला सम्पर्क पथ योजना के 250 से अधिक से आबादी वाले टोलों को सम्पर्क पथ से जोड़ने की सरकार की योजना कार्यरत है;
2. क्या यह बात सही है कि आजादी के 75 वर्षो के बाद भी समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के सारंगपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नं0-10 में हरिलाल साह के घर से कृष्ण लाल के घर तक तथा सांरगपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड नं0-10 में तीसवारा डीह मुस्लिम टोला से अनिल मिश्र के घर होते हुए महेश्वर साह के घर तक सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----